प्रेस विज्ञप्ति

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

58वीं वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने दिखाया अपना दम

पंतनगर। 10 अप्रैल 2026। विश्वविद्यालय के स्टीवेंसन स्टेडियम में विद्यार्थियों की 58वीं वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता के अंतर्गत पहले दिन 800 मीटर दौड़, शॉटपुट, लॉग जम्प, 4 गुणा 400 मीटर रिले दौड़ एवं 10,000 मीटर की दौड़ का आयोजन किया गया। पुरूष वर्ग की 800 मीटर दौड़ में जनरल विपिन सिंह रावत भवन के पवन सिंह बिष्ट ने पहला, सिल्वर जुबली भवन के कुशाग्र मेहरा ने दूसरा व मीनाक्षी भवन के राघव कोहली ने तीसरा एवं महिला वर्ग की 800 मीटर दौड़ में मंदाकिनी भवन की ज्योति ने पहला, आचार्य भवन की नेहा चन्द्र ने दूसरा व गांधी भवन की रितु गोस्वामी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। लॉग जम्प पुरूष वर्ग में सिल्वर जुबली भवन के विशाल तोमर ने पहला, पटेल भवन के दीपक सिंह बिष्ट ने दूसरा एवं टैगोर भवन के निखिल तोमर ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। शॉटपुट (पुरूष) सीबी–। के आयुष पुरोहित ने पहला, नेहरू भवन के आयुष चौधरी ने दूसरा एवं पंत भवन के आयुष्मान सिंह नेगी ने तीसरा स्थान तथा शॉटपुट (महिला) गोल्डन जुबली भवन की अनुप्रिया आर्या ने पहला, गांधी भवन की अंजली जोशी ने दूसरा एवं गोल्डन जुबली भवन की पूजा सक्सेना ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। जबकि 4 गुणा 400 मीटर रिले के महिला वर्ग में गांधी भवन को पहला, मंदाकिनी भवन को दूसरा तथा सरस्वती भवन को तीसरा स्थान, पुरूष वर्ग में सिल्वर जुबली भवन को पहला, जनरल विपिन सिंह रावत भवन को दूसरा तथा सीबी–। को तीसरा स्थान हासिल हुआ। वहीं पुरूष वर्ग की 10 हजार मीटर दौड में पंत भवन के कनिष्क वर्मा ने पहला, टैगोर भवन के अभिषेक यादव ने दूसरा एवं जनरल विपिन सिंह रावत भवन के करन सिंह रावत ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।

सभी विजेता प्रतिभागियों को विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर मनमोहन सिंह चौहान, जीआईसी, अल्मोडा के पूर्व प्रधानाचार्य अनिल पंत, अधिष्ठाता छात्र कल्याण डा. ए.एस. जीना, प्रभारी अधिकारी शारीरिक शिक्षा डा. जी.एस. बोहरा, डा. पूनम त्यागी, डा. भाष्कर तिवारी, डा. मुमतेश सक्सेना, डा. अंशिका गुप्ता, प्रभाकरन जोशी स्टाफ काउंसलर डा. ए.पी. सिंह, डा. रितिका भट्ट आदि ने सम्मानित किया।